ओडीओपी प्रॉडक्ट्स पर चढ़ेगा नए डिजाइन और पैकिंग का रंग

निफ्ट और आईआईपी के साथ एमओयू करेगी योगी सरकार

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत गांव, गली और मोहल्लों में तैयार हो रहे उत्पाद अब अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों की मांग के मुताबिक तैयार डिजाइन और आकर्षक पैकिंग में मिलेंगे। हुनरमंदों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को विश्वस्तरीय बाजार के मुताबिक, तैयार किया जाएगा, ताकि बाजारों में इनकी अच्छी कीमत मिले। सरकार इसके लिए नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नॉलजी (निफ्ट) और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग के साथ करार करने जा रही है।

File

सरकार ने मन बनाया है कि निफ्ट से उत्पादों के लिए बेहतर डिजाइन तैयार करवाने के अलावा उनकी ब्रैंडिंग भी की जाएगा। माना जा रहा है कि यह काम इसी महीने होगा। सरकार ने ओडीओपी की घोषणा करने के साथ ही कहा था कि इन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध करवाया जाएगा। उसी दिशा में बढ़ने के लिए कदम उठाया जा रहा है। सरकार की नजर न केवल देश बल्कि अमेरिकी और यूरोपीय बाजार पर भी है। ओडीओपी के तहत बन रहे कपड़े, कारपेट, लेदर गुड्स और इससे जुड़े अन्य उद्यमों के लिए निफ्ट खास तौर पर डिजाइन तैयार करेगा। एमओयू के तैयार खाके के मुताबिक, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जैसे देश के बड़े बाजारों के साथ अमेरिका और यूरोप की मांग के मुताबिक उत्पादों को डिजाइन किया जाएगा ।

कारीगरों को ट्रेनिंग भी मिलेगी : निफ्ट द्वारा तैयार किए गए डिजाइन को स्थानीय कारीगर मशीनों आदि की मदद से उत्पादों पर उतारेंगे। बताया जा रहा है कि निफ्ट कारीगरों को डिजाइन वेब लिंक और ऐप के जरिए उपलब्ध कराएगी। यह लिंक ओडोओपी की वेबसाइट पर भी मौजूद होगा। एमओयू के प्रस्ताव में इस बात का भी जिक्र है कि निफ्ट कारीगरों को प्रशिक्षित भी करेगा। विशेषज्ञ वर्कशॉप में कारीगरों को अपमार्केट की जरूरत और पसंद के बारे में समझाएंगे। वहीं, सरकार प्रॉडक्ट को आकर्षक बनाने के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट आफ पैकेजिंग (आईआईपी) का सहयोग भी लेगी। पैकेजिंग के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यशालाएं होंगी और कारीगरों व उद्यमियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमओयू चरणबद्ध तरीके से लागू होगा।

प्रदेश में खुलेंगे माटीकला फैसिलिटी सेंटर

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि माटीकला बोर्ड के जरिए कारीगरों को वित्तीय मदद, कुम्हारी चाक और मुफ्त डाई उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर माइक्रो माटीकला कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां एक ही स्थान पर शिल्पियों को सभी सुविधाएं मिल सकें। सिद्धार्थ नाथ ने गुरुवार को माटीकला बोर्ड की ओर से खादी भवन में आयोजित 10 दिवसीय मीटीकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि मेले में लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, डिजाइनर दीये, गोरखपुर का टेराकोटा उत्पाद, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, खुर्जा के मिट्टी के कुकर-कढ़ाई, पानी बोतल आदि उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

नव भारत टाइम्स – 5/11/2020